CAREERINDIA

# PAPER-III
# HINDI

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) __________________________

   (Name) ____________________________

2. (Signature) __________________________

   (Name) ____________________________

OMR Sheet No. : ............................................
(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | | |
(In figures as per admission card)

Roll No.________________________________
(In words)

**D 2 0 1 4**

Time : 2 $^1/_2$ hours] [Maximum Marks : **150**

Number of Pages in this Booklet : **16** Number of Questions in this Booklet : **75**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of seventy five multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** (A) (B) ● (D)
   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Booklet only.** If you mark at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means such as change of response by scratching or using white fluid, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the test question booklet and Original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are, however, allowed to carry original question booklet and duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. इस पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचहत्तर बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात् किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
   (iii) इस जाँच के बाद OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है ।
   **उदाहरण :** (A) (B) ● (D)
   जबकि (C) सही उत्तर है ।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पुस्तिका के अन्दर दिये गये OMR पत्रक पर ही** अंकित करने हैं । यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, जैसे कि अंकित किये गये उत्तर को मिटाना या सफेद स्याही से बदलना तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर प्रश्न-पुस्तिका एवं मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें । हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर मूल प्रश्न-पुस्तिका तथा OMR पत्रक की डुप्लीकेट प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं ।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें ।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई नकारात्मक अंक नहीं हैं ।**

www.careerindia.com

# हिन्दी

## प्रश्नपत्र – III

**निर्देश :** इस प्रश्नपत्र में **पचहत्तर (75)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

**1.** इनमें से कौन सी ध्वनि संयुक्त व्यंजन है ?

(A) क्य (B) च्च

(C) ट (D) औ

**2.** निम्नलिखित में से किस भाषा को संविधान की अष्टम सूची में सम्मिलित नहीं किया गया है ?

(A) डोगरी (B) मणिपुरी

(C) मैथिली (D) छत्तीसगढ़ी

**3.** पुष्पदंत की प्रबंध रचना है

(A) रिट्ठणेमि चरिउ (B) णयकुमार चरिउ

(C) पउम चरिउ (D) भविसयत्तकहा

**4.** "बह्मणेहि म जाणंत हि भेऊ । एवइ पढ़िअउ ए च्चउ बेऊ ।।
मट्टी पाणीं कुस लइ पढ़ंत । घरहि बइसी अग्गि हुणंत ।।"
उपर्युक्त काव्य-पंक्तियाँ किस कवि की हैं ?

(A) गोरखनाथ (B) सरहपा

(C) रैदास (D) कबीरदास

**5.** मुसलमान अनुयायी कबीरदास को किन का शिष्य मानते हैं ?

(A) शेख़ तक़ी (B) रज्जब

(C) मुइनुद्दीन चिश्ती (D) नूर मुहम्मद

**6.** फोर्ट विलियम कॉलेज के किस शिक्षक के माध्यम से हिंदी भाषा की पाठ्यपुस्तकों का प्रकाशन आरम्भ हुआ ?

(A) लॉर्ड मैकाले (B) जार्ज ग्रियर्सन

(C) फादर कामिल बुल्के (D) गिल क्राइस्ट

**7.** 'संशयात्मा' किस कवि की रचना है ?

(A) अशोक वाजपेयी (B) कुँवर नारायण

(C) ज्ञानेन्द्रपति (D) उदयप्रकाश

**8.** एकांकी में अन्विति अथवा संकलनत्रय के अंतर्गत काल, स्थान के साथ किसके निर्वाह की गणना की जाती है ?

(A) पात्र
(B) कार्य
(C) प्रकरी
(D) पताका

**9.** इनमें से कौन 'अनुभाव' का एक भेद है ?

(A) निर्वेद
(B) व्रीड़ा
(C) उन्माद
(D) आहार्य

**10.** शब्द में जहाँ मूल अर्थ नहीं, बल्कि उसका व्यंग्यार्थ अभिप्रेत होता है, वहाँ कौन सी शब्द-शक्ति होती है ?

(A) अभिधा
(B) लक्षणा
(C) व्यंजना
(D) उपर्युक्त सभी

**11.** जयशंकर प्रसाद कृत 'उर्वशी' किस विधा की रचना है ?

(A) गीतिकाव्य
(B) प्रगीत
(C) नाटक
(D) चम्पू काव्य

**12.** 'काव्यदोष' की परिभाषा इनमें से सबसे पहले किसने दी ?

(A) दंडी
(B) भामह
(C) वामन
(D) आनंदवर्धन

**13.** "पाय महावर दैन को नाइन बैठी आय ।
फिरि फिरि जानि महावरी एड़ी मीड़ति जाय ।।"
इन काव्य-पंक्तियों में कौन सा अलंकार है ?

(A) संदेह
(B) भ्रांतिमान
(C) विशेषोक्ति
(D) समासोक्ति

**14.** 'यथार्थवाद और छायावाद' निबंध के रचयिता हैं

(A) जयशंकर प्रसाद
(B) शांतिप्रिय द्विवेदी
(C) नंददुलारे वाजपेयी
(D) मुकुटधर पाण्डेय

**15.** 'मिला तेज से तेज' किस विधा की रचना है ?

(A) जीवनी
(B) आत्मकथा
(C) निबंध
(D) संस्मरण

16. 'छायावाद का पतन' पुस्तक के लेखक कौन हैं ?

(A) शांतिप्रिय द्विवेदी
(B) रामविलास शर्मा
(C) नंददुलारे वाजपेयी
(D) देवराज

17. 'एक पत्नी के नोट्स' किसकी रचना है ?

(A) ममता कालिया
(B) चित्रा मुद्‌गल
(C) मेहरुन्निसा परवेज़
(D) मंजुल भगत

18. निर्मल वर्मा का पहला कहानी संग्रह है

(A) जलती झाड़ी
(B) बीच बहस में
(C) परिंदे
(D) कव्वे और कालापानी

19. रस निष्पत्ति के संदर्भ में 'भुक्तिवाद' किस आचार्य का मत है ?

(A) अभिनव गुप्त
(B) शंकुक
(C) भट्‌टनायक
(D) भट्‌ट लोल्लट

20. 'स्वर भंग' किस प्रकार का अनुभाव है ?

(A) कायिक
(B) वाचिक
(C) आहार्य
(D) सात्विक

21. जयशंकर प्रसाद के किस नाटक का एक पात्र 'शर्वनाग' है ?

(A) राज्यश्री
(B) स्कंदगुप्त
(C) जनमेजय का नागयज्ञ
(D) विशाख

22. निम्नलिखित में से कौन सा नाटक स्त्री-समस्या से सम्बन्धित नहीं है ?

(A) अंधा कुआँ
(B) चिंदियों की एक झालर
(C) साँच कहूँ तो
(D) नेपथ्य राग

23. 'अंत हाजिर हो' किस महिला नाट्यकार की रचना है ?

(A) शांति मेहरोत्रा
(B) मृणाल पाण्डे
(C) त्रिपुरारि शर्मा
(D) मीरा कांत

CAREERINDIA

24. "हम दीवानों की क्या हस्ती, हैं आज यहाँ कल वहाँ चले ।"
ये काव्य-पंक्तियाँ किस कवि की हैं ?
(A) बालकृष्ण शर्मा 'नवीन' (B) माखनलाल चतुर्वेदी
(C) भगवतीचरण वर्मा (D) सुभद्राकुमारी चौहान

25. "बात बोलेगी / हम नहीं / भेद खोलेगी / बात ही" – काव्य-पंक्तियों के रचनाकार हैं
(A) शमशेर बहादुर सिंह (B) नागार्जुन
(C) शिवमंगल सिंह सुमन (D) त्रिलोचन शास्त्री

26. "जनम अवधि हम रूप निहारल
नयन न तिरपित भेल ।"
इन काव्य-पंक्तियों के रचयिता हैं
(A) विद्यापति (B) हितहरिवंश
(C) रसखान (D) मीराबाई

27. "रूप की आराधना का मार्ग
आलिंगन नहीं तो और क्या है ?"
इन काव्य पंक्तियों के रचनाकार हैं
(A) भवानीप्रसाद मिश्र (B) नरेन्द्र शर्मा
(C) रामधारी सिंह 'दिनकर' (D) केदारनाथ अग्रवाल

28. "लोकवृत्तानुकरणं नाट्यमेतन्मया कृतम्" – यह कथन किन आचार्य का है ?
(A) भरत (B) अभिनवगुप्त
(C) धनंजय (D) रामचंद्र गुणचंद्र

29. "काव्यं तु जायते जातु कस्यचित् प्रतिभावत: ।" – यह उक्ति किस आचार्य की है ?
(A) भामह (B) दण्डी
(C) उद्भट (D) मम्मट

30. "औचित्यं रससिद्धस्य स्थिरं काव्यस्य जीवितम्" – यह उक्ति किस आचार्य की है ?
(A) आनंदवर्धन (B) मम्मट
(C) क्षेमेन्द्र (D) विश्वनाथ

31. "कविता सर्वोत्तम शब्दों का सर्वोत्तम क्रम विधान है ।" – किस पाश्चात्य आलोचक का मत है ?
(A) एडीसन
(B) वड्‌र्सवर्थ
(C) कॉलरिज
(D) मैथ्यू आर्नल्ड

32. "कविता हमारे परिपूर्ण क्षणों की वाणी है ।" – यह कथन किसका है ?
(A) जयशंकर प्रसाद
(B) सुमित्रानंदन पंत
(C) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'
(D) महादेवी वर्मा

33. निम्नलिखित में से कौन सा श्रृंखलामूलक अलंकार नहीं है ?
(A) कारणमाला
(B) माला दीपक
(C) एकावली
(D) काव्यलिंग

34. इनमें से कौन सी बोली ओकार बहुला नहीं है ?
(A) खड़ी बोली
(B) ब्रज
(C) बुंदेली
(D) कन्नौजी

35. 'विज्ञान गीता' किस आचार्य कवि की कृति है ?
(A) केशवदास
(B) भिखारीदास
(C) पद्‌माकर
(D) सेनापति

36. 'गीत गुंज' किस कवि की रचना है ?
(A) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'
(B) सुमित्रानंदन पंत
(C) रामकुमार वर्मा
(D) महादेवी वर्मा

37. 'छाया' नामक एकांकी के लेखक हैं
(A) उपेन्द्रनाथ अश्क
(B) रामकुमार वर्मा
(C) उदयशंकर भट्‌ट
(D) सुदर्शन

38. राजेन्द्र यादव की कहानी है
(A) बदबू
(B) जहाँ लक्ष्मी कैद है
(C) गदर
(D) जानवर और जानवर

39. इनमें से किस हिंदी आलोचक ने 'साधारणीकरण' की व्याख्या की है ?
(A) नगेन्द्र
(B) नन्ददुलारे वाजपेयी
(C) हजारीप्रसाद द्विवेदी
(D) नामवर सिंह

**40.** 'श्लेष' अलंकार कितने प्रकार का होता है ?

(A) 2 (B) 3

(C) 4 (D) 5

**41.** प्रकाशन वर्ष के अनुसार इन उपन्यासों का सही अनुक्रम है

(A) सिंह सेनापति, शेखर : एक जीवनी (प्रथम भाग), राम रहीम, अलका

(B) अलका, राम रहीम, शेखर : एक जीवनी (प्रथम भाग), सिंह सेनापति

(C) शेखर : एक जीवनी (प्रथम भाग), राम रहीम, अलका, सिंह सेनापति

(D) राम रहीम, अलका, सिंह सेनापति, शेखर : एक जीवनी (प्रथम भाग)

**42.** फणीश्वरनाथ रेणु के उपन्यासों का प्रकाशन वर्ष के अनुसार सही क्रम है

(A) परती परिकथा, दीर्घतपा, पलटूबाबू रोड़, मैला आँचल

(B) मैला आँचल, पलटूबाबू रोड़, परती परिकथा, दीर्घतपा

(C) मैला आँचल, परती परिकथा, दीर्घतपा, पलटूबाबू रोड़

(D) दीर्घतपा, मैला आँचल, पलटूबाबू रोड़, परती परिकथा

**43.** प्रकाशन वर्ष के अनुसार जयशंकर प्रसाद की कहानियों का सही अनुक्रम है

(A) प्रतिध्वनि, आकाशदीप, आँधी, इंद्रजाल

(B) आकाशदीप, प्रतिध्वनि, इंद्रजाल, आँधी

(C) आँधी, इंद्रजाल, आकाशदीप, प्रतिध्वनि

(D) प्रतिध्वनि, आकाशदीप, इंद्रजाल, आँधी

**44.** प्रकाशन वर्ष के अनुसार इन रचनाओं का सही अनुक्रम है

(A) इतिहास तिमिर नाशक, साहित्य देवता, सीढ़ियों पर धूप में, शिवशंभु के चिट्ठे

(B) सीढ़ियों पर धूप में, इतिहास तिमिर नाशक, शिवशंभु के चिट्ठे, साहित्य देवता

(C) इतिहास तिमिर नाशक, शिवशंभु के चिट्ठे, साहित्य देवता, सीढ़ियों पर धूप में

(D) साहित्य देवता, सीढ़ियों पर धूप में, इतिहास तिमिर नाशक, शिवशंभु के चिट्ठे

**45.** प्रकाशन वर्ष के अनुसार रामविलास शर्मा की कृतियों का सही अनुक्रम है

(A) बड़े भाई, भारतेन्दु युग, परम्परा का मूल्यांकन, भाषा, साहित्य और संस्कृति

(B) भारतेन्दु युग, भाषा, साहित्य और संस्कृति, परम्परा का मूल्यांकन, बड़े भाई

(C) भाषा, साहित्य और संस्कृति, परम्परा का मूल्यांकन, बड़े भाई, भारतेन्दु युग

(D) परम्परा का मूल्यांकन, बड़े भाई, भाषा, साहित्य और संस्कृति, भारतेन्दु युग

**46.** भाषा-निर्माण की इकाइयों का सही अनुक्रम है

(A) शब्द, ध्वनि, वाक्य, पद

(B) शब्द, वाक्य, ध्वनि, पद

(C) पद, वाक्य, ध्वनि, शब्द

(D) ध्वनि, शब्द, पद, वाक्य

**47.** निम्नांकित में से उच्चारण स्थान के आधार पर कंठ से लेकर मुख विवर में उच्चरित व्यंजन ध्वनियों का सही अनुक्रम है :

(A) कंठ्य, तालव्य, वर्त्स्य, दंत्य, ओष्ठ्य

(B) तालव्य, कंठ्य, ओष्ठ्य, दंत्य, वर्त्स्य

(C) दंत्य, ओष्ठ्य, कंठ्य, वर्त्स्य, तालव्य

(D) ओष्ठ्य, वर्त्स्य, तालव्य, कंठ्य, दंत्य

**48.** देवनागरी लिपि का सही विकास-क्रम है

(A) गुप्त लिपि, ब्राह्मी लिपि, देवनागरी लिपि, नागरी लिपि

(B) नागरी लिपि, ब्राह्मी लिपि, गुप्त लिपि, देवनागरी लिपि

(C) ब्राह्मी लिपि, नागरी लिपि, गुप्त लिपि, देवनागरी लिपि

(D) गुप्त लिपि, नागरी लिपि, ब्राह्मी लिपि, देवनागरी लिपि

**49.** प्रकाशन वर्ष की दृष्टि से भीष्म साहनी के नाटकों का सही अनुक्रम है

(A) माधवी, मुआवजे, आलमगीर, हानूश

(B) हानूश, माधवी, मुआवजे, आलमगीर

(C) मुआवजे, हानूश, आलमगीर, माधवी

(D) आलमगीर, माधवी, हानूश, मुआवजे

**50.** विष्णु प्रभाकर के नाटकों का प्रकाशन वर्ष के अनुसार सही अनुक्रम है

(A) युगे युगे क्रांति, सत्ता के आर-पार, डाक्टर, टूटते परिवेश

(B) टूटते परिवेश, डाक्टर, सत्ता के आर-पार, युगे युगे क्रांति

(C) सत्ता के आर-पार, टूटते परिवेश, युगे युगे क्रांति, डाक्टर

(D) डाक्टर, युगे युगे क्रांति, टूटते परिवेश, सत्ता के आर-पार

CAREERINDIA

51. जन्मकाल के अनुसार निम्नलिखित कवियों का सही अनुक्रम है :

(A) केदारनाथ अग्रवाल, त्रिलोचन, धर्मवीर भारती, रघुवीर सहाय

(B) त्रिलोचन, रघुवीर सहाय, केदारनाथ अग्रवाल, धर्मवीर भारती

(C) धर्मवीर भारती, त्रिलोचन, केदारनाथ अग्रवाल, रघुवीर सहाय

(D) रघुवीर सहाय, त्रिलोचन, धर्मवीर भारती, केदारनाथ अग्रवाल

52. जन्मकाल के अनुसार निम्नलिखित कवियों का सही अनुक्रम है :

(A) अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध', बालकृष्ण शर्मा 'नवीन', माखनलाल चतुर्वेदी, मैथिलीशरण गुप्त

(B) मैथिलीशरण गुप्त, अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध', बालकृष्ण शर्मा 'नवीन', माखनलाल चतुर्वेदी

(C) अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध', मैथिलीशरण गुप्त, माखनलाल चतुर्वेदी, बालकृष्ण शर्मा 'नवीन'

(D) माखनलाल चतुर्वेदी, मैथिलीशरण गुप्त, बालकृष्ण शर्मा 'नवीन', अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध'

53. प्रकाशन वर्ष के अनुसार रचनाओं का सही अनुक्रम है

(A) निशा निमंत्रण, मधुकलश, मधुशाला, मधुबाला

(B) मधुशाला, मधुबाला, मधुकलश, निशा निमंत्रण

(C) मधुबाला, मधुशाला, निशा निमंत्रण, मधुकलश

(D) मधुकलश, निशा निमंत्रण, मधुशाला, मधुबाला

54. जन्मकाल के अनुसार रचनाकारों का सही अनुक्रम है

(A) श्रीधर पाठक, जगन्नाथदास रत्नाकर, रामनरेश त्रिपाठी, मुकुटधर पाण्डेय

(B) मुकुटधर पाण्डेय, श्रीधर पाठक, रामनरेश त्रिपाठी, जगन्नाथदास रत्नाकर

(C) जगन्नाथदास रत्नाकर, रामनरेश त्रिपाठी, मुकुटधर पाण्डेय, श्रीधर पाठक

(D) रामनरेश त्रिपाठी, जगन्नाथदास रत्नाकर, श्रीधर पाठक, मुकुटधर पाण्डेय

55. जन्मकाल के अनुसार कवियों का सही अनुक्रम है

(A) दादू दयाल, गुरु नानक, मलूक दास, सुंदर दास

(B) गुरु नानक, दादू दयाल, सुंदर दास, मलूक दास

(C) गुरु नानक, दादू दयाल, मलूक दास, सुंदर दास

(D) मलूक दास, गुरु नानक, दादू दयाल, सुंदर दास

CAREERINDIA

**56.** **स्थापना (Assertion) (A)** : मनोविश्लेषणवाद में सबसे अधिक महत्त्व व्यक्ति के मन को दिया जाता है ।

**तर्क (Reason) (R) :** क्योंकि व्यक्ति का मन सामाजिक प्रतिबंधों में कैद होकर जड़ हो जाता है ।

(A) (A) सही और (R) सही
(B) (A) गलत और (R) गलत
(C) (A) सही और (R) गलत
(D) (A) गलत और (R) सही

**57.** **स्थापना (Assertion) (A)** : ईश्वर और मनुष्य के बीच संबंध स्थापित करने का एक माध्यम धर्म है । धर्म साधना व्यक्तिनिष्ठ है ।

**तर्क (Reason) (R) :** क्योंकि साध्य और साधक का एकीकरण साधना के माध्यम से ही होता है ।

(A) (A) सही और (R) सही
(B) (A) सही और (R) गलत
(C) (A) गलत और (R) सही
(D) (A) गलत और (R) गलत

**58.** **स्थापना (Assertion) (A)** : सामाजिक जीवन की स्थिति और पुष्टि के लिए करुणा का प्रसार आवश्यक है ।

**तर्क (Reason) (R) :** क्योंकि करुणा का व्यक्तिगत स्वार्थ से विरोध है । उसके लिए निजी हित छोड़ना पड़ता है ।

(A) (A) गलत और (R) गलत
(B) (A) गलत और (R) सही
(C) (A) सही और (R) सही
(D) (A) सही और (R) गलत

**59.** **स्थापना (Assertion) (A)** : इतिहास का साहित्य कुछ बड़े-बड़े व्यक्तियों के उत्थान और पतन के लेखे जोखे के नाम नहीं है ।

**तर्क (Reason) (R) :** क्योंकि इतिहासमूलक साहित्य मनुष्य के धारावाहिक जीवन के सारभूत रस का प्रवाह है ।

(A) (A) सही और (R) गलत
(B) (A) गलत और (R) गलत
(C) (A) सही और (R) सही
(D) (A) गलत और (R) सही

**60.** **स्थापना (Assertion) (A)** : जाति भेद और छुआ-छूत की प्रथाओं ने हमारे देश को अनेक स्तरों में बाँट रखा है ।

**तर्क (Reason) (R) :** क्योंकि लोकतंत्र के शक्ति-विकेन्द्रीकरण का सबसे सही मार्ग यही है ।

(A) (A) सही और (R) गलत
(B) (A) सही और (R) सही
(C) (A) गलत और (R) गलत
(D) (A) गलत और (R) सही

61. **स्थापना (Assertion) (A)** : काव्य विद्या है और कला उपविद्या । इसलिए चौंसठ कलाओं की सूची में काव्य समाविष्ट नहीं है ।

**तर्क (Reason) (R) :** क्योंकि कला कौशल और शिल्प है, जबकि काव्य ज्ञान और जीवन का एक व्यापक सर्जनात्मक विधान है जिसमें सत् और असत् का विवेक रहता है ।

(A) (A) सही और (R) गलत
(B) (A) गलत और (R) सही
(C) (A) सही और (R) सही
(D) (A) गलत और (R) गलत

62. **स्थापना (Assertion) (A)** : नाटक शुद्ध साहित्य है, जिसकी आलोचना काव्यालोचन के स्थापित प्रतिमानों द्वारा की जा सकती है ।

**तर्क (Reason) (R) :** लेकिन नाटक शुद्ध साहित्य नहीं है । यह केवल नट की क्रिया है ।

(A) (A) गलत और (R) सही
(B) (A) गलत और (R) गलत
(C) (A) सही और (R) गलत
(D) (A) सही और (R) सही

63. **स्थापना (Assertion) (A)** : साहित्य मनुष्य के हृदय को स्वार्थ-संबंधों के संकुचित मंडल से ऊपर उठाकर लोक-सामान्य की भूमि पर ले जाता है ।

**तर्क (Reason) (R) :** क्योंकि मनुष्य संबंधों का निर्वाह साहित्य से प्रेरित होकर केवल आत्म-संतोष के लिए करता है ।

(A) (A) सही और (R) गलत
(B) (A) गलत और (R) सही
(C) (A) सही और (R) सही
(D) (A) गलत और (R) गलत

64. **स्थापना (Assertion) (A)** : मनुष्य की रागात्मक प्रवृत्ति उसे सामाजिक बंधनों से मुक्त होने के लिए प्रेरित करती है ।

**तर्क (Reason) (R) :** क्योंकि समाज मनुष्य की रागात्मकता को स्वीकार नहीं करता ।

(A) (A) सही और (R) गलत
(B) (A) सही और (R) सही
(C) (A) गलत और (R) सही
(D) (A) गलत और (R) गलत

65. **स्थापना (Assertion) (A)** : साहित्य में व्यक्तिवादी चेतना समाज के बहुमुखी विकास को अवरुद्ध करती है ।

**तर्क (Reason) (R) :** क्योंकि व्यक्तिवाद से समाज में अराजकता फैलती है ।

(A) (A) गलत और (R) गलत
(B) (A) सही और (R) गलत
(C) (A) सही और (R) सही
(D) (A) गलत और (R) सही

CAREERINDIA

**66.** निम्नलिखित उपन्यासों को उनके लेखकों के साथ सुमेलित कीजिए :

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| a. वामाशिक्षक | i. राधाकृष्ण दास |
| b. भाग्यवती | ii. बालकृष्ण भट्ट |
| c. निस्सहाय हिन्दू | iii. श्रद्धाराम फिल्लौरी |
| d. नूतन ब्रह्मचारी | iv. लाला श्रीनिवास दास |
| | v. ईश्वरी प्रसाद – कल्याण राय |

**कोड** :

| | **a** | **b** | **c** | **d** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | v | iii | i | ii |
| (B) | i | ii | iii | iv |
| (C) | iv | iii | ii | i |
| (D) | ii | iii | i | v |

**67.** प्रेमचंद के औपन्यासिक पात्रों को उनके उपन्यासों से सुमेलित कीजिए :

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| a. अमृतराय | i. निर्मला |
| b. कृष्णचन्द्र | ii. सेवासदन |
| c. ज्ञानसेवक | iii. प्रेमा |
| d. उदयभानु | iv. कायाकल्प |
| | v. रंगभूमि |

careerindia

**कोड** :

| | **a** | **b** | **c** | **d** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | ii | iii | iv | v |
| (B) | iii | ii | v | i |
| (C) | i | ii | iii | iv |
| (D) | iv | iii | i | v |

CAREERINDIA

**68.** आई.ए. रिचड्र्स के ग्रंथों को उनके प्रकाशन के प्रथम संस्करण वर्ष से सुमेलित कीजिए :

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| a. दि प्रिंसिपल्स ऑफ लिटररी क्रिटिसिज्म | i. सन् 1922 |
| b. दि फिलॉसॉफी ऑफ रेटॉरिक | ii. सन् 1924 |
| c. साइंस एंड पोइट्री | iii. सन् 1929 |
| d. प्रैक्टिकल क्रिटिसिज्म | iv. सन् 1926 |
| | v. सन् 1936 |

**कोड** :

| | **a** | **b** | **c** | **d** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | ii | iii | iv |
| (B) | iii | ii | i | v |
| (C) | v | iv | iii | ii |
| (D) | ii | v | iv | iii |

**69.** निम्नलिखित पाश्चात्य सिद्धांतों को उनसे संबद्ध पुस्तकों के साथ सुमेलित कीजिए :

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| a. रागात्मक भाषा | i. दि सेक्रेड वुड |
| b. परंपरा और वैयक्तिक प्रज्ञा | ii. बायोग्राफिया लिटरेरिया |
| c. कल्पना सिद्धांत | iii. द मीनिंग ऑफ मीनिंग |
| d. अनुकरण सिद्धांत | iv. कल्चर एंड एनार्की |
| | v. पेरि पोइएतिकेस |

**कोड** :

| | **a** | **b** | **c** | **d** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | ii | iii | iv |
| (B) | iv | ii | iii | i |
| (C) | iii | i | ii | v |
| (D) | ii | iii | i | iv |

**70.** निम्नलिखित सम्प्रदायों को उनके आचार्यों के साथ सुमेलित कीजिए :

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| a. भरत | i. रीति |
| b. दण्डी | ii. ध्वनि |
| c. वामन | iii. रस |
| d. आनंदवर्धन | iv. अलंकार |
| | v. वक्रोक्ति |

**कोड** :

| | **a** | **b** | **c** | **d** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | ii | iii | iv |
| (B) | iii | iv | i | ii |
| (C) | ii | iv | v | iv |
| (D) | iv | v | ii | iii |

**71.** निम्नलिखित निबंधकारों को उनके निबंधों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | **सूची – I** | | **सूची – II** |
|---|---|---|---|
| a. | कन्हैयालाल मिश्र 'प्रभाकर' | i. | आलोक पर्व |
| b. | रामधारी सिंह 'दिनकर' | ii. | आलबाल |
| c. | सच्चिदानंद हीरानन्द वात्स्यायन 'अज्ञेय' | iii. | माटी हो गई सोना |
| d. | हजारीप्रसाद द्विवेदी | iv. | संचारिणी |
| | | v. | रेती के फूल |

**कोड :**

| | **a** | **b** | **c** | **d** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iii | v | ii | i |
| (B) | iv | iii | ii | v |
| (C) | ii | i | v | iii |
| (D) | v | iv | ii | i |

**72.** निम्नलिखित संस्मरणात्मक कृतियों को उनके लेखकों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | **सूची – I** | | **सूची – II** |
|---|---|---|---|
| a. | आछे दिन पाछे गए | i. | राजेन्द्र यादव |
| b. | नंगातलाई का गाँव | ii. | काशीनाथ सिंह |
| c. | आँगन के वंदनवार | iii. | कमलेश्वर |
| d. | वे देवता नहीं हैं । | iv. | विश्वनाथ त्रिपाठी |
| | | v. | विवेकी राय |

**कोड :**

| | **a** | **b** | **c** | **d** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iii | ii | iv | i |
| (B) | iv | iii | v | ii |
| (C) | ii | iv | v | i |
| (D) | iii | v | ii | iv |

**73.** निम्नलिखित लेखकों को उनके यात्रावृत्तांत के साथ सुमेलित कीजिए :

| | **सूची – I** | | **सूची – II** |
|---|---|---|---|
| a. | राहुल सांकृत्यायन | i. | आखिरी चट्टान तक |
| b. | रामवृक्ष बेनीपुरी | ii. | चीड़ों पर चाँदनी |
| c. | मोहन राकेश | iii. | मेरी तिब्बत यात्रा |
| d. | निर्मल वर्मा | iv. | पैरों में पंख बाँधकर |
| | | v. | देश-विदेश |

**कोड :**

| | **a** | **b** | **c** | **d** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | ii | iv | i | iii |
| (B) | iv | ii | v | i |
| (C) | v | iii | i | ii |
| (D) | iii | iv | i | ii |

CAREERINDIA

**74.** निम्नलिखित कहानियों को उनके लेखकों के साथ सुमेलित कीजिए :

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| a. ग्यारह वर्ष का समय | i. माधव राव सप्रे |
| b. गुलबहार | ii. किशोरी लाल गोस्वामी |
| c. एक टोकरी भर मिट्टी | iii. बंग महिला |
| d. प्लेग की चुड़ैल | iv. रामचन्द्र शुक्ल |
| | v. भगवान दास |

**कोड** :

| | **a** | **b** | **c** | **d** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iv | ii | i | v |
| (B) | i | ii | iv | iii |
| (C) | iv | ii | i | iii |
| (D) | v | i | ii | iv |

**75.** निम्नलिखित काव्यसंग्रहों को उनके कवियों के साथ सुमेलित कीजिए :

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| a. आत्महत्या के विरुद्ध | i. प्रभाकर माचवे |
| b. हाशिये का गवाह | ii. गजानन माधव मुक्तिबोध |
| c. चाँद का मुँह टेढ़ा है | iii. कुँवर नारायण |
| d. स्वप्न भंग | iv. रघुवीर सहाय |
| | v. भारत भूषण अग्रवाल |

**कोड** :

| | **a** | **b** | **c** | **d** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | ii | v | iv |
| (B) | ii | i | iii | iv |
| (C) | iv | iii | ii | i |
| (D) | iii | iv | v | ii |

careerindia

**Space For Rough Work**

www.careerindia.com